*प्रेस नोट*

*जनपद – संतकबीरनगर*

*दिनाँक 02.10.2025*

- ☐ *मिशन शक्ति 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया गया एण्टी रोमियो अभियान*
- ☐ *अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा 161 स्थानों पर 1899 व्यक्तियों को किया गया चेक*
- ☐ *117 शोहदों से माफीनामा भरवाकर हिदायत देते हुए छोड़ा गया*
- ☐ *धारा 296 बीएनएस के तहत 04 अभियोग पंजीकृत कर 04 व्यक्तियो को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय किया गया रवाना*
- ☐ *07 शोहदों के विरुद्ध की गयी धारा 126/135/170 BNSS की कार्यवाही*
- ☐ *982 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया*

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं / बालिकाओं को जागरूक करने हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर ***श्री संदीप कुमार मीना*** के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थानों व स्कूलों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला / बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनके समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया, साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस की एण्टी रोमियो टीम द्वारा थानाक्षेत्र में 20 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 240 व्यक्तियों को चेक किया गया, 130 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया तथा 19 शोहदों से माफीनामा भरवाया गया। थाना दुधारा पुलिस की एण्टी रोमियो टीम द्वारा थानाक्षेत्र में 13 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 136 व्यक्तियों को चेक किया गया तथा 72 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया व 01 शोहदे के विरुद्ध 126/135/170 BNSS की कार्यवाही की गई  तथा 13 शोहदों से माफीनामा भरवाया गया। महिला थाना पुलिस की एण्टी रोमियो टीम द्वारा थानाक्षेत्र में 15 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 200 व्यक्तियों को चेक किया गया व 85 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया तथा 08 शोहदों से माफीनामा भरवाया गया। थाना धनघटा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र में 16 स्थानों पर बिना वजह बाहर घूम रहे 213 व्यक्तियों को चेक किया गया व 76 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया तथा 19 शोहदों से माफीनामा भरवाया गया। थाना महुली पुलिस की एण्टी रोमियो टीम द्वारा थाना क्षेत्र में 35 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 215 व्यक्तियों को चेक करते हुए धारा 296 बीएनएस के तहत 02 अभियोग पंजीकृत कर 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया व 198 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया तथा 15 शोहदों से माफीनामा भरवाया गया। थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में 14 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 235 व्यक्तियों को चेक किया गया  तथा 06 शोहदों से माफीनामा भरवाया गया। थाना बखिरा पुलिस द्वारा थानाक्षेत्र में 22 स्थानों पर 310 व्यक्तियों को चेक हुए धारा 296 बीएनएस के तहत 01 अभियोग पंजीकृत कर 01 व्यक्ति को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया व 06 शोहदो के विरुद्ध 126/135/170 BNSS की कार्यवाही की गई 185 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया  तथा 09 शोहदों से माफीनामा भरवाया गया। थाना बेलहरकला पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में 20 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 200 व्यक्तियों को चेक करते हुए धारा 296 बीएनएस के तहत 01 अभियोग पंजीकृत कर 01 व्यक्ति को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया व 160 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया  तथा 08 शोहदों से माफीनामा भरवाया गया। थाना धर्मसिंहवा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में 06 स्थानों पर बिना वजह घूम रहे 150 व्यक्तियों को चेक करते हुए 76 शोहदों के परिजनों को बुलाकर चेतावनी देकर छोड़ा गया  तथा 20 शोहदों से माफीनामा भरवाया गया।

***पुलिस लाइन सन्तकबीरनगर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की मनाई गयी जयंती***

आज 02 अक्टूबर 2025 को "गांधी जयंती" व "पूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती" के अवसर पर पुलिस लाइन सन्तकबीरनगर में पुलिस अधीक्षक सन्तकबीरनगर ***श्री संदीप कुमार मीना*** द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के तस्वीर का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया तथा गार्द द्वारा सलामी दी गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने एवं सत्य अहिंसा का व्रत लेने तथा जाति भेदभाव कुरीतियों को त्यागने एवं निर्बल वर्ग के उत्थान हेत कार्य करने का शपथ दिलाया गया तथा सम्बोधन किया गया जिसमें राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन परिचय के संबंध में बताते हुए अनुसूचित जाति/जनजाति के उत्थान एवं भावनात्मक एकता पर बल देते हुए राष्ट्रीय एकता व अखंडता पर गांधी जी के विचारों पर प्रकाश डाला गया। महिलाओं के उन्नति के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी द्वारा बताए गए मार्गों का अनुसरण करने, दहेज प्रथा को समाप्त करने तथा अश्लील साहित्य प्रकाशन बंद करने के लिए अभियान चलाए जाने के सम्बन्ध में भी बताया गया। जाति, रंग आदि समस्त भेदभाव को मिटाकर एकता स्थापित करने का प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया। सभी का कर्तव्य है कि इस भेदभाव की दुर्भावना को पास न भटकने दें, सभी धर्म एवं संप्रदाय के लोग भारत के नागरिक हैं और उनमें पारस्परिक सद्भाव एवं एकता से ही राष्ट्र उन्नति कर सकता है सम्बोधन में बताया गया।

तत्पश्चात पुलिस लाईन संतकबीरनगर में वृक्षारोपण किया गया। महोदय द्वारा समस्त प्राणी जगत के जीवन में वृक्षो के महत्व के बारे में संदेश देते हुए आम जनमानस को अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर पर्यावरण को संरक्षित कर संपूर्ण विश्व को सुरक्षित बनाए रखने लिए प्रेरित किया गया कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अत्यन्त आवश्यक हैं, अतः न केवल हमें नियमित तौर पर वृक्षारोपण करना चाहिए बल्कि उसके उपरान्त उसकी देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। पर्यावरण को बचाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है तथा हम सभी को भविष्य के दृष्टिगत इस जिम्मेदारी का निर्वहन करना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाईन *श्री अभयनाथ मिश्रा*, प्रतिसार निरीक्षक *श्री रामबली यादव*, प्रभारी डायल 112 श्री राहुल सिंह यादव, पीआरओ पुलिस अधीक्षक *उ0नि0 श्री दुर्गेश कुमार पाण्डेय* सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में जनपद के समस्त सर्किल कार्यालय, थानों, पुलिस चौकियों व फायर स्टेशनों पर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी द्वारा अपने-अपने सर्किल, थाना, चौकी पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के तस्वीर का अनावरण कर नियुक्त अधिकारी/कर्मचारी जो समारोह में सम्मिलित हुए को संबोधित करते हुए महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन परिचय के बारे में बताया गया व महात्मा गांधी जी के उपरोक्त विचारों को बताया गया तथा मिष्ठान वितरण किया गया।